विक्रम संवत 2082
शनिवार, 12 अप्रैल 2025
वर्ष 6, अंक 141, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO 5 : BOTTOM

# वुमन फिजिशियंस ऑफ इंडिया की कॉन्फ्रेंस एसआरएमएस में आज से



डॉ. स्मिता गुप्ता।

- पद्मश्री हासिल करने वाली पहली महिला फिजिशियन डॉ. अलका भी होंगी शामिल

बरेली, अमृत विचार : देशभर की महिला फिजिशियन को एक मंच पर लाने के लिए वर्ष 2024 में वुमन फिजिशियंस ऑफ इंडिया की स्थापना की गई। इसकी पहली कॉन्फ्रेंस 12 और 13 अप्रैल को एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज मे होगी। यह जानकारी ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी एवं एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग की एचओडी डॉ. स्मिता गुप्ता ने दी है।

उन्होंने बताया कि एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन आफ इंडिया (एपीआइ) की बरेली शाखा के सहयोग से आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में पद्मश्री हासिल करने वाली पहली महिला फिजिशियन डॉ. अलका देश पांडेय और वुमन फिजिशियंस आफ इंडिया की चीफ पैट्रन डॉ. सरिता बजाज समेत तीन दर्जन से ज्यादा महिला फिजिशियन महिलाओं की बीमारियों, उनके बेहतर इलाज और शोध कार्यों पर व्याख्यान देंगी।

मुंबई की फिजिशियन और एआई एक्सपर्ट डॉ. अनामिका सामंत वर्कशाप में चिकित्सा क्षेत्र में एआई की उपयोगिता, गोरखपुर की डॉ. माधवी सरकार और डॉ. मीनाक्षी अवस्थी आईसीयू में टूडी इको के प्रयोग, लखनऊ की डॉ. आनंदिता सेठ आईसीयू में पोकस के उपयोग, डायबिटीज के क्षेत्र में नई टेक्नोलॉजी सीजीएम, इंसुलिन पंप, हाइपरटेंशन पर एबीपीएम पर व्याख्यान देंगी।